29/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश हर क्षेत्र में परिपूर्णता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है, जो सामाजिक न्याय की भी एक बेहतरीन तस्वीर है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वर्तमान में भारत की अधिकांश आबादी किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ का लाभ उठा रही है। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और भी बेहतर होगा तथा भारत हर कदम पर और भी मजबूत होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित करने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान और जल जीवन मिशन ने इस बीमारी को खत्म करने में बहुत योगदान दिया है।

0000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर मौजूद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा, "आप भारत से सबसे दूर हैं, लेकिन भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं और आपकी यात्रा एक नए युग की शुभ शुरुआत है। परिक्रमा भारत में सदियों पुरानी परंपरा रही है और आपको धरती माता की परिक्रमा करने का दुर्लभ अवसर मिला है।" श्री मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला को उनके मिशन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

0000000000000000000000

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) अहमदाबाद में हाल ही में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की सभी संभावित कोणों से जांच करेगा, जिसमें तोड़फोड़ की संभावना भी शामिल है। हालांकि, पुणे में एक कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस समय आतंकवाद के किसी पहलू का कोई संकेत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 171 का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और यह वर्तमान में एएआईबी के पास है और इसे विश्लेषण के लिए देश से बाहर नहीं भेजा जाएगा। पिछले महीने हुई इस दुर्घटना में विमान में सवार और जमीन पर मौजूद 274 लोगों की जान चली गई थी।

0000000000000000

उप मुख्यमंत्री चाउना मेन की अध्यक्षता में कल सिविल सेक्रेटेरियट में एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें डॉ भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में उनकी कलात्मक विरासत तथा अरुणाचल प्रदेश के साथ उनके गहरे संबंधों का सम्मान भी किया गया। महान कवि को श्रद्धांजलि के रुप में रोईंग में उनके जीवन, कार्यो तथा क्षेत्र पर उनके स्थायी प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए एक समर्पित संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। समारोह में उनके जीवन तथा योगदान को दर्शाने वाली एक द्विभाषी स्मारक पुस्तक भी प्रकाशित की जाएगी। श्री मेन ने कहा कि शताब्दी समारोह में न केवल डॉ. हजारिका के संगीत का जश्न मनाया जाएगा, बल्कि समावेशिता, सद्भाव तथा सांस्कृतिक गौरव के स्थायी मूल्यों को भी मनाया जाएगा, जिनका उन्होंने समर्थन किया था।

बैठक में शिक्षा मंत्री पी डी सोना, विधायक मुत्चु मिथी, ओकेन तायेंग और पुइन्यों अपुम, वरिष्ठ अधिकारी और भूपेन हजारिका सांस्कृतिक ट्रस्ट के सदस्य भी उपस्थित थे।

0000000000000000000000

संरक्षण पहलों को सामुदायिक कल्याण के साथ एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पाके टाइगर रिजर्व ने वेस्ट बैंक सेजोसा में वीर वनरक्षक स्मृति वर्कर्स क्लब का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन स्वास्थ्य एवं जल संसाधन मंत्री बियुराम वाघे ने किया। कार्यक्रम में पी टी आर के फील्ड डायरेक्टर सत्यप्रकाश सिंह भी मौजूद थे। मनोरंजन एवं फिटनेस सुविधाओं से सुसज्जित इस क्लब का उद्देश्य फ्रंटलाईन वन कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का समर्थन करना है। कार्यक्रम में पारंपरिक बुनाई को पुनर्जीवित करने और स्थानीय महिलाओं और युवाओं के बीच स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए समर्थ योजना के तहत हथकरघा प्रशिक्षण पहल का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान में विकास के अधीन न्यिमे एड ऐप का पूर्वानलोकन भी प्रदर्शित की गई, जो मानव वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों को त्वरित, पारदर्शी राहत के लिए एक तकनीक आधारित समाधान प्रदान कर रहा है।

0000000000000000000

कमांडर रोनी चौपू ने ईस्टर्न फ्लीट जिसे भारतीय नौसेना के सनराइज फ्लीट के रुप में भी जाना जाता है, में भारतीय नौसेना के एक अग्रीम पंक्ति के युद्धपोत की कमान संभालने वाले अरुणाचल प्रदेश के पहले अधिकारी बनकर इतिहास रच दिया है।

नामसाई जिले के नालोंग गांव से आने वाले कमांडर चौपू की उगते सूरज की भूमि से भारत की समुद्री रक्षा में नेतृत्वकारी भूमिका तक की उल्लेखनीय यात्रा राज्य के लिए एक गौरवपूर्व और प्रेरणादायक मील का पत्थर है। उनकी यह उपलब्धि अरुणाचल प्रदेश के युवाओं के लिए एक आशा और प्रेरणा का रुप है जिसे समर्पण और सेवा के माध्यम से प्राप्त की जा सकने वाली ऊँचाइयों को दर्शाता है।

0000000000000000000000000

राज्य के कृषि एवं संबंद्ध मंत्री ग्रेब्रीयल डी वांगसू ने आई सी आर राष्ट्रीय पशू चिकित्सा महामारी विज्ञान संस्थान द्वारा अपने राष्ट्रीय पशु रोग रेफरल विशेषज्ञ प्रणाली (NADRESv2) के माध्यम से अफ्रीकी स्वाइन फीवर और फूट एंड माउथ डीजिस के उच्च जोखिम वाले पूर्वानुमानों के बाद किसानों को राज्यव्यापी सलाह जारी की है। पूर्वानुमानों के अनुसार पापुम पारे जिले को अफ्रीकी स्वाइन फीवर के बहुत उच्च जोखिम का सामना करने के रुप में चिन्हित किया गया है जबकि वेस्ट सियांग को फूट एंड माउथ डिसिज से समान रुप से गंभीर खतरा है। श्री वांगसू ने किसानों से सख्त जैव सुरक्षा उपाय लागू करने, खेतों तक पहुंच सीमित करने और सूअरों को कूड़ा या रसोई का कचरा खिलाने से बचने का आग्रह किया। किसानों को पशुओं के शवो को चूने के साथ गहरे गड्डे में दफनाने या जलाने को कहा गया है।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विज्ञान केंद्र ने पाक्के केसांग और लोंगडिंग जिलों को ओरेंज अलर्ट जारी किया है और सोलह जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले चौबीस घंटों में अरुणाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के साथ आंधी और बिजली गिरने की संभावना भी व्यक्त किया गया है।

0000000000000000000000